PTOSIS

मुझे भली-भाँति ऑपरेशन से होने वाले खतरों एवं दुष्परिणामों के बारे में बता दिया गया है एवं यह भी बता दिया गया है कि यह शल्य चिकित्सा मेरी पलक की विकृति को दूर करने के लिए की जा रही है एवं इससे नजर में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी।

इस ऑपरेशन के निम्न दुष्परिणाम हो सकते हैं –

1. घाव में संक्रमण एवं टाँकों में संक्रमण
2. टाँकों का गलना
3. पलक की सूजन एवं चीरे का निशान
4. पलक में खून का एकत्रित होना
5. आँख से पानी गिरना
6. पलक के किनारे को क्षति होना
7. पलक के बालों का क्षति होना
8. पलक का नीचे गिरा रहना अथवा ऊपर उठे रहना
9. चमड़ी का ग्राफ्ट भी पलक की विकृति सही करने के काम आ सकता है।

चमड़ी के ग्राफ्ट से होने वाली समस्याएँ निम्न हो सकती हैं –

1. चमड़ी के ग्राफ्ट का संक्रमण, सिकुड़ना,
2. चमड़ी के ग्राफ्ट की नियमित असंक्रमित सफाई एवं जहाँ से ग्राफ्ट लिया गया है, उस स्थान की असंक्रमित सफाई, नियमित रूप से आवश्यक है। समस्त भले-बुरे की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। डॉक्टर या स्टाफ इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

पलकबन्दी ऑपरेशन (Ectropion/Entropion)

मुझे भली-भाँति ऑपरेशन से होने वाले खतरों एवं दुष्परिणामों के बारे में बता दिया गया है एवं यह भी बता दिया गया है कि यह शल्य चिकित्सा मेरी पलक की विकृति को दूर करने के लिए की जा रही है एवं इससे नजर में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी।

इस ऑपरेशन के निम्न दुष्परिणाम हो सकते हैं –

1. घाव में संक्रमण एवं टाँकों में संक्रमण
2. टाँकों का गलना
3. पलक की सूजन एवं चीरे का निशान
4. पलक में खून का एकत्रित होना
5. आँख से पानी गिरना
6. पलक के किनारे को क्षति होना
7. पलक के बालों का क्षति होना।